नगर निगम, शाहजहाँपुर।

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.11.2020

- स्वच्छता सेवा एवं समाधान के उददेश्य के साथ नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज मो0 तारीन जलालनगर,सिंजई, सरायकाईयॉ, बाबूजई में चलाया गया वाक–टाक एण्ड रिजाल्व कार्यक्रम।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मो0रेती में धार्मिक स्थल के विवाद को उपनगर आयुक्त द्वारा निस्तारित कराया गया।

1– जन समस्याओ को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओ को जनता को उसके घर पर उपलब्ध कराने के उददेश्य नगर निगम द्वारा वॉक–टॉक एवं रिजाल्व का अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम नियमित रूप से प्रत्येक सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक चलाया जा रहा है, जिसका नेतृत्व सम्बन्धित जोनल अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान कर रहे है। जोन–1 महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक श्री अश्वनी अवस्थी, सफाई नायक रमेश, प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित थी। महाप्रबन्धक (जल) द्वारा पूरे मोहल्ले में भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात सफाई के सम्बन्ध में 04 प्रकरणो का निस्तारण कराया गया। मो0 तारीन जलालनगर में मुजीब मेम्बर वाली गली तथा अनवर की दुकान के पास नाली टूटी पाई गई तथा ढाल वाली सड़क से फूटी मस्जिद तक व तेलियो वाली ढाल से नाली के दोनो तरफ अतिक्रमण पाया गया। जोन–2 सिंजई में जोनल अधिकारी श्रीमती रश्मि भारती, श्री नरेश कुमार सहायक अभियन्ता (वि.यं0) श्री विक्रमाजीत यादव अवर अभियन्ता (सिविल),श्री राजमंगल सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री सुनील कुमार, राजस्व निरीक्षक,सफाई नायक नन्हे, तथा पथ प्रकाश की टीम उपस्थित रही। जोन–3 मो0 सरायकाईयॉ में नगर आयुक्त महोदय के साथ उप नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी श्री आशुतोष कुमार दुबे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओपी गौतम,राजस्व निरीक्षक श्री तुषार त्रिवेदी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर, प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित थी। मो0 सरायकाईयॉ में सार्वजनिक मार्ग पर किये गये अस्थाई अतिक्रमणो को तत्काल हटवाया गया एवं स्थाई रूप से किये गये अतिक्रमण को चिन्हित करते हुये एक सप्ताह की नोटिस जारी की गई। एक सप्ताह के अन्दर स्वंय अतिक्रमण को न हटाये जाने की दशा मे नगर निगम द्वारा जुर्माना वसूलते हुये अतिक्रमण हटवाया जायेगा। अस्थाई अतिक्रमण एवं नाले में गोबर आदि प्रवाहित करने पर 3 हजार रूपये का वसूला गया। स्थानीय नागरिको ने इस अभियान की प्रशंसा की एवं इसे नगर वासियो के हित में अच्छी पहल बताया गया। जोन–4– मो0 बाबूजई में जोनल अधिकारी श्री अंगद गुप्ता, राजस्व निरीक्षक शिवपूजन सिंह एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील शाक्य, सफाई नायक इस्तेखार हुसैन उपस्थित

रहे। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात सफाई के सम्बन्ध में 03 प्रकरणो का निस्तारण कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया एवं नगर वासियो से अपील की गई कि निर्धारित तिथि पर नगर निगम की टीम के पहुॅचने पर मोहल्ले से सम्बन्धित समस्याओ का संज्ञान करावे, जिससे उनका तत्काल निस्तारण कराये जा सके। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये। तथा मॉग से सम्बन्धित बिन्दुओ को संकलित कर अग्रतेर कार्यवाही हेतु अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इसे सफल बनाये जाने के लिये नगर वासियो से अपील की गई।

2—मो0 रेती में धार्मिक स्थल को लेकर विवाद का संज्ञान होने पर नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रकरण की जॉच कराते हुये उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे द्वारा पक्षो की सहमति से प्रकरण का निस्तारण कराया गया। ग्रीन वैली स्कूल से हनुमतधाम जाने वाली सड़क पर पुल से पहले दाहिनी तरफ राजस्व ग्राम लौका में गाटा संख्या—265 क्षेत्रफल 0.200 हेक्टेयर भूमि देवस्थान के नाम दर्ज है। इस भूमि के अगल—बगल गाटा संख्या— 266 है,जो श्री सुल्तान आदि के नाम दर्ज है। देवस्थान की भूमि को लेकर पक्षो के मध्य विवाद हुआ था। नगर निगम की राजस्व टीम के साथ क्षेत्रीय लेखपाल श्री गुरूप्रसाद तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन,शाहजहॉपुर की उपस्थिति में देवस्थान की भूमि को चिन्हित करते हुये चारो कोनो पर पिलर लगवा दिये इसके साथ देवस्थान की भूमि को ग्रीन वैली स्कूल से हनुमतधाम जाने वाली सड़क से सम्पर्क मार्ग को चिन्हित करा दिया गया। वर्तमान समय में मौके पर कोई विवाद नही है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर